## खबर संक्षेप



### जिंदल फाउंडेशन ने शुरू की परियोजना शिल्पी

**रायगढ़।** जिंदल फाउंडेशन द्वारा ग्राम एकताल में परियोजना शिल्पी की शुरूआत की गयी है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक ढोकरा कला को संरक्षित करना एवं इसमें निपुण महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। जिंदल स्टील एंड पॉवर, रायगढ़ के सीएसआर विभाग द्वारा परियोजना की विधिवत शुरूआत करते हुए गांव में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
शिल्पी परियोजना के अंतर्गत ढोकरा कला में संलग्न महिला स्व सहायता समूहों को मूर्तिकला के लिए आवश्यक संसाधनों की सौगात दी गयी। इनमें पीतल, मोम, धूप तथा आधुनिक उपकरण जैसे ग्राइंडर, बफिंग मशीन, इलेक्ट्रिक ब्लोअर, हैंड ब्लोअर, कार्बाइड टैंक, वेल्डिंग टॉर्च, ऑक्सीजन सिलेंडर और ऑक्सीजन घड़ी शामिल हैं। ग्राम एकताल में वर्तमान में कुल 9 महिला स्व सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें 101 महिलाएं ढोकरा कला में कार्यरत हैं। इस परियोजना के प्रथम चरण में 4 समूहों की 44 महिलाओं को मशीनों के चार सेट प्रदान किए गए हैं। साथ ही सभी 9 समूहों की 101 महिलाओं को 500 किलो पीतल, 300 किलो धूप और 300 किलो मोम वितरित किए गए।

### कलेक्टर ने पशुओं की शिफ्टिंग के लिए ली बैठक



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में घूमंतु पशुओं के शिफ्टिंग के लिए पशुधन, पुलिस, नगरपालिका और गौसेवकों के साथ संयुक्त बैठक किया। बैठक में कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने कहा कि जिले के ऐसे पशुपालक जिनके गाय सड़क पर बैठे रहते हैं उन्हें सूचना दें कि वे सड़क से उठाकर अपने घर ले जाएं और बांधकर रखें। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो ऐसे गायों को नगरपालिका और पशुधन विकास विभाग की संयुक्त टीम अपने संरक्षण में रखेंगे और पशुपालकों को पेनाल्टी चुकाने के बाद उनको गाय वापस करेंगे। कलेक्टर ने पशुधन के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने क्षेत्र के गौशाला का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यक इलाज, चारा, पानी आदि की जानकारी विभाग को प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने नगरपालिका क्षेत्र सारंगढ़ के सड़क में बैठने वाले गायों के लिए नगरपालिका, पशुधन और पुलिस की टीम प्लान बनाकर उनको गौशाला गोड़म, आमाकोनी और अन्य गौशाला क्षेत्र में शिफ्टिंग करने का कार्यवाही करे। अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने कहा कि सभी सड़क में बैठने वाले गायों को रेडियम बेल्ट पहनाएं और टैग करें ताकि उनकी पहचान की जा सके। बैठक में उप संचालक पशुधन डॉ महेन्द्र पांडेयए डॉ. सुनील जोल्हे, एसडीओपी स्नेहिल साहू, थाना प्रभारी कामिल हक, नगरपालिका सारंगढ़ के इंजीनियर उत्तम कंवर, सहायक ग्रेड 2 रोशन यादव सहित बड़ी संख्या में गौसेवक उपस्थित थे।

## सहकारी समितियों में एक लाख बॉटल नैनो डीएपी का किया जा रहा

# छत्तीसगढ़ में वैकल्पिक उर्वरकों की कमी नहीं

**डीएपी की कमी को पूरा करने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रभावी पहल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्य में खरीफ सीजन 2025 के दौरान विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों की मांग को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने समय रहते न सिर्फ इसकी ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की बल्कि रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति भंडारण एवं वितरण व्यवस्था पर भी लगातार निगरानी रख रही है, जिसके चलते राज्य में रासायनिक उर्वरकों के भण्डरण एवं उठाव की स्थिति बेहतर बनी हुई है।

डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके, सुपर फास्फेट और नेनो डीएपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर किसानों के हितों का ध्यान रखा है। छत्तीसगढ़ में अब तक विभिन्न प्रकार के 12.27 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण कर लिया गया है, जिससे खरीफ सीजन में किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध हो सकें। छत्तीसगढ़ राज्य में खरीफ 2025 में पूर्व में कुल 14.62 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित था। इसमें यूरिया 7.12 लाख, डीएपी 3.10 लाख, एनपीके 1.80 लाख, पोटाश 60 हजार तथा सुपर फास्फेट 2 लाख मीट्रिक टन शामिल हैं। वर्तमान में कुल 12.27 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है। डीएपी की आपूर्ति में कमी के चलते उर्वरक वितरण के लक्ष्य को संशोधित कर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों जैसे-



एनपीके, एसएसपी के लक्ष्य में 4.62 लाख मीट्रिक टन की उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिसके चलते खरीफ सीजन 2025 में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों की वितरण का लक्ष्य 17.18 लाख मीट्रिक टन हो गया है। राज्य में अब तक 5.63 लाख मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण एवं 3.76 लाख मीट्रिक टन का वितरण किया गया है। किसानों को अभी 1.86 लाख मीट्रिक टन यूरिया वितरण हेतु उपलब्ध है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यूरिया का उपयोग धान फसल में तीन बार किया जाता है। पहली बार बुवाई अथवा रोपाई के समय कुल अनुशंसित मात्रा का 30 प्रतिशत, दूसरी बार 3 से 4 सप्ताह बाद कन्से निकलने के समय एवं तीसरी बार 7 से 8 सप्ताह बाद गभौट अवस्था में किया जाता है। इस प्रकार यूरिया का उपयोग बुवाई से लेकर सितंबर तक विभिन्न अवस्थाओं में किया जाना है, जिसके अनुरूप राज्य में यूरिया की चरणबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। डीएपी के आयात में राष्ट्रीय स्तर पर कमी को देखते हुए राज्य शासन ने समय रहते वैकल्पिक उर्वरकों की दिशा में ठोस पहल की है, जिसके चलते एनपीके को लक्ष्य बढ़ाकर 4.90 लाख तथा सुपर फास्फेट का 3.53 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया। वर्तमान में एनपीके 11 हजार एवं सुपर फास्फेट 54 हजार मीट्रिक टन, लक्ष्य से अधिक भंडारित है, जिससे 23 हजार 600 मीट्रिक टन डीएपी में उपलब्ध फॉस्फेट तत्व की पूर्ति होगी। छत्तीसगढ़ राज्य को चालू माह जुलाई में आपूर्ति प्लान के अनुसार कुल 2.33 लाख मी.टन उर्वरक मिलेगी। जिसमें यूरिया 1.25 लाख, डीएपी 48,850, एनपीके 34,380, पोटाश 10 हजार एवं सुपर फास्फेट 76 हजार मी.टन शामिल हैं। जुलाई के अंत तक डीएपी का कुल भंडारण 1.95 लाख मी.टन तक होने की उम्मीद है। राज्य में डीएपी की कमी से बचाव हेतु 25 हजार मी.टन सुपर फास्फेट एवं 40 हजार मी.टन एनपीके के अतिरिक्त भंडारण का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही, नैनो डीएपी उर्वरक को बढ़ावा देने हेतु सहकारी क्षेत्र में एक लाख बाटल का भंडारण किया जा रहा है, जिससे 25 हजार मीट्रिक टन पारंपरिक डी.ए.पी. की आवश्यकता की पूर्ति होगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अप्रैल माह से ही वैकल्पिक उर्वरकों के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर पैम्फलेट तैयार कर समस्त सहकारी समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों में प्रदर्शित किए गए डीएपी, उर्वरक के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इसी कड़ी में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान एनपीके, सुपर फास्फेट एवं नेनो डीएपी के वैज्ञानिक उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कुशल प्रबंधन कर खरीफ 2025 में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है।




# शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस में गूंजा पैग़ाम-ए-हुसैन

**जशपुरनगर।** नगर में एक रूहानी और ऐतिहासिक शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत कर शहीदाने कर्बला को खिराजे अकीदत पेश किया। इस पुर-असर महफ़िल में देशभर से आए जाने-माने उलमा, सूफ़िया और शायरों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि के तौर पर तशरीफ़ लाए जबलपुर मप्र से पीरे तरीक़त हज़रत सैयद अरशद रब्बानी साहब ने एक दिल को छू लेने वाली तक़रीर पेश की। अपने बयान में उन्होंने कहा "इस्लाम का असल पैग़ाम अमन, मोहब्बत और इंसानियत है। जो भी ज़ुल्म, नाइंसाफी और दहशतगर्दी की राह पर चले, वो इस्लाम का पैरोकार नहीं हो सकता। यज़ीद इस्लाम का नहीं, इंसानियत का दुश्मन था। उसने हक़ की आवाज़ को कुचलना चाहा, मगर हज़रत इमाम हुसैन ने अपनी जान देकर इस्लाम और इंसाफ़ को ज़िंदा रखा। हम हुसैनी हैं, यज़ीदी नहीं। हमारी तालीम क़ुरान और अहलेबैत की मोहब्बत से है, न कि नफ़रत और फसाद से।

■ आतंकवाद और ज़ुल्म के खिलाफ उठी आवाज़

**नौजवानों को दिया पैगाम-** पैग़ाम देते हुए कहा कि "दीन को समझो, सिर्फ लिबास या रस्मों तक महदूद मत करो। कर्बला सिर्फ एक मातम नहीं, बल्कि एक पैग़ाम है—ज़ुल्म के खिलाफ खड़ा होने का, और हक़ के लिए जान तक कुर्बान करने का। जब तक दुनिया में हुसैनी सोच ज़िंदा है, कोई यज़ीदियत सर उठा नहीं सकती। मौलाना मंसूर आलम ने भी अपने बयान में हज़रत हुसैन की कुर्बानी को इंसानियत के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा "कर्बला इंसाफ़, सच्चाई और सब्र का मरकज़ है। हमें हुसैनी बनकर नफरतों का जवाब मोहब्बत से देना है। जब तक हम कर्बला से सीखते रहेंगे, ज़ुल्म का मुकाबला कर सकेंगे।"

### मनक़बत से गुलजार हुई महफ़िल

मौलाना अबरार क़ैसर, रेहान ख़ान रब्बानी, और मौलाना असरार अहमद ने अपने जज़्बाती अंदाज़ में मंक़बात-ए-हुसैन पेश की, जिससे पूरा माहौल रोशन और रूहानी हो गया। "लब्बैक या हुसैन" के नारों से महफ़िल बार-बार गूंज उठी।

### ये रहे मौजूद

कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से हाफ़िज़ जन्नत कौसर, हाफ़िज़ आबिद हुसैन, हाफ़िज़ असलम, छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड के सदस्य फैज़ान सरवर खान, शब्बू क़ुरैशी, डॉ ज़ुल्फ़क़िार सिद्दीक़ी, सैयद शकील सिद्दीक़ी, अधिवक्ता सिद्दीक आलम, महमूद क़ुरैशी, पत्रकार तनवीर क़ुरैशी, मोबीन खान, अब्दुल लतीफ अंसारी, शफीउल्लाह सिद्दीकी, इरफ़ान खान, मुर्शिद अंसारी, हय्यूल अंसारी, नादिर अंसारी, सैयद इश्फ़ाक जमा, शमीम अहमद, अनवर खान, राज अंसारी, आफताब खान फत्तू, बिट्टू मलिक, दानिश अंसारी, सद्दाम अंसारी, भोलू खान, असलम खान, ज़ुबैर अंसारी, क़ैसर अंसारी, जीशान रज़ा, शाहिद मलिक, शमशेर खान, मुन्नू कौसर, तस्लीम हुसैन, कुर्बान अंसारी, अय्यूब शाह, सद्दाम खान, चांद खान, बेलाल अंसारी, कल्लू खान, वसीम खान आदि मौजूद रहे।

# हिंदी-गणित विषय के व्याख्याताओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ज़िले में विद्यालयीन शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देश पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार एवं शनिवार को संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर में आयोजित हुए उन्मुखीकरण में जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले हिंदी और गणित विषय के व्याख्याता शामिल हुए। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों से जोड़ना और पढ़ाई की गुणवत्ता को बेहतर बनाना रहा। कार्यक्रम में 'यशस्वी जशपुर' के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने शिक्षकों को माइंड मैपिंग, कंफर्ट जोन से ग्रोथ जोन तक के सफर और आत्मविश्वास बढ़ाने के विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय, मास्टर ट्रेनर संजय दास, राजेन्द्र प्रेमी, अश्विनी सिंह, सुभाष चौरसिया, ज्योति श्रीवास्तव, भूमिका बाघव, प्रदीप भगत, लक्ष्मण शर्मा सहित जिले के सभी हिंदी एवं गणित विषय के व्याख्याता उपस्थित रहे।



शिक्षा में गुणवत्ता वृद्धि कलेक्टर रोहित व्यास की प्राथमिकता

# उपमुख्यमंत्री ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को दी करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को भारी बारिश के बीच सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जिला मुख्यालय सह नगरपालिका परिषद सारंगढ़, नगर पंचायत पवनी, भटगांव, बिलाईगढ़, सरसीवा में निर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के मूर्ति का अनावरण और अटल परिसर का भव्य लोकार्पण किया गया। साथ ही नगरीय निकायों में विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

उप मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों के नागरिकों को अटल के गरिमा के अनुरूप हमेशा इस अटल परिसर को साफ, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आग्रह किया है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कारण हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ है। उन्हीं के द्वारा राज्य बनाने से छत्तीसगढ़ का विकास हुआ है। उसी के योगदान के अनुरूप उनके सम्मान में सीएम साय ने नगरीय निकायों में अटल परिसर का लोकार्पण किया जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज दे रही वही सीएम विष्णु देव साय महतारी वंदन योजना से एक हजार रुपए महिलाओं को दे रही है।




### आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी वितरण

इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित आवास की चाबियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद को पक्का मकान देना सरकार का संकल्प है। बारिश के बावजूद उप मुख्यमंत्री अरुण साव का यह दौरा विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। अटल परिसर का लोकार्पण और करोड़ों की योजनाओं की सौगात से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को विकास की नई दिशा मिली है।

### विकास कार्य

नगर पंचायत पवनी में जल आवर्धन योजना के तहत 5 करोड़ 30 लाख रुपए और 26 परिवार को पीएम आवास की स्वीकृति दिया है। इसी प्रकार बिना बोले, 1 करोड़ 64 लाख नगर पंचायत पवनी को पार्षद निधि दिया गया है। नगर के विकास के लिए एक करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री ने भटगांव नगर पंचायत में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भटगांव में 14 करोड़ की राशि से जल आवर्धन योजना का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही 5 करोड़ 76 लाख रुपए और 99 परिवार के लिए 3 करोड़ 5 लाख की लागत से पीएम आवास की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने इसके अतिरिक्त नगर के विकास के 1 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की है। नगरीय प्रशासन मंत्री ने नगर के विकास के लिए एक करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने कहा कि सारंगढ़ नगरपालिका के विकास के लिए 8 करोड़ 18 लाख की स्वीकृति दी जा चुकी है।

# सरकारी स्कूल बना लापरवाही और भेदभाव का गढ़

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा का स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आजकल शिक्षा से ज़्यादा लापरवाही और अव्यवस्था के लिए सुर्खियों में है। असल में यहां हिंदी माध्यम के बच्चों को एडमिशन नहीं मिल रहा है। इसके चलते हिंदी मीडियम के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। इस स्कूल में पहले जो हिंदी माध्यम से पढ़ाई हो रही थी, उसे समाप्त कर उत्कृष्ट स्कूल के नाम पर अंग्रेजी माध्यम में बदल दिया गया। और अब उन्हीं हिंदी माध्यम के बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल में प्रवेश देने से मना किया जा रहा है। इस मामले में अभिभावकों का कहना है कि वही बच्चे जो इस स्कूल में वर्षों से हिंदी माध्यम में पढ़ रहे थे, अब अंग्रेजी माध्यम में बदले जाने के बाद उन्हें ही बाहर कर दिया गया। उन्हें या तो दूसरे स्कूल भेजने की सलाह दी जा रही है या फिर दाखिला देने से इनकार किया जा रहा है। यह न सिर्फ अन्याय है, बल्कि बच्चों के भविष्य से खुला खिलवाड़ है। लोगों का कहना है कि प्राचार्य बार बार की शिकायतों के बावजूद चुप्पी साधे हुए हैं। ना तो वे अनुशासन पर कोई ध्यान देते हैं, ना ही पुराने हिंदी माध्यम के बच्चों को न्याय दिलाने की कोशिश करते हैं। ऐसा लगता है कि वे केवल कुर्सी बचाने और ऊपर दिखाने के लिए पद पर बैठे हैं। जमीन पर स्थिति उनके नियंत्रण से पूरी तरह बाहर है।

■ आत्मानंद स्कूल में हिंदी माध्यम के बच्चों को पढ़ाई से वंचित कर रहा प्रबंधन

### जवान भर्ती के लिए 10 से विकासखण्डवार कैम्प

**रायगढ़।** कमांडेंट एसआईएस लिमिटेड क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर छग द्वारा जिले में सुरक्षा जवानों का पंजीयन एवं भर्ती शिविर का आयोजन होने जा रहा है। जिसके लिए विकासखण्डवार 10 से 30 जुलाई 2025 तक कैम्प का आयोजन होगा। कैम्प में प्रभारी अधिकारियों की निगरानी में निःशुल्क आयोजन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी आवेदकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिला पंचायत कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड रायगढ़ के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में 10 जुलाई को शिविर का आयोजन होगा।

# गौठान योजना ठप, रायगढ़ में मवेशियों का आतंक

**रायगढ़।** पूर्ववर्ती राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गौठान योजना अब रायगढ़ जिले में पूरी तरह से दम तोड़ती नजर आ रही है। योजना के तहत जिन मवेशियों को गौठानों में रखा जाना थाए वे आज खुलेआम सड़कों और खेतों में घूमते नजर आ रहे हैं। इससे शहर और गांव दोनों ही संकट में घिर चुके हैं। शहर की मुख्य सड़कों पर रात होते ही झुंड में घूमते आवारा मवेशी राहगीरों और दोपहिया चालकों के लिए मौत का सबब बनते जा रहे हैं। बीते एक सप्ताह में ही चार से ज्यादा दुर्घटनाएं मवेशियों के कारण हो चुकी हैं, जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और भी खराब हैं। किसानों की मेहनत से लहलहाते खेत आवारा मवेशियों का भोजन बन रहे हैं। धान और सब्जी की फसलें चौपट हो रही हैं जिससे किसानों का आर्थिक संकट और गहरा गया है।






## पृष्ठ 1 का शेष

### 185 युवतियों ने ...

पहला चरण में लिखित परीक्षा दूसरे चरण में इंटरव्यू, तीसरे चरण में कल्चरल इंटरव्यू एवं अंतिम चरण में कैंपस इंटरव्यूज़ कराकर प्रवेश दिया जाता है। मेट्रो शहरों में होता है। ये प्लेसमेंट कैंप 18 माह के कोर्स करने के बाद उस संस्था द्वारा प्लेसमेंट आयोजन कर छत्तीसगढ़ के अवाला आस पास के अन्य राज्यों में नोकरी दिया जाता है जिसमें कम से कम बीस हजार से 25 हजार तक शुरूआती सैलरी मिलता है। जिससे बेरोजगारो को अपने बेहतर भविष्य के लिए पर्याप्त होता है। कुछ अलग सीखने को मिलता है। और धीरे धीरे आगे बढ़ते जाते है।

# संत पाल इंग्लिश मीडियम स्कूल बघिमा में अभिभावक संपर्क दिवस





**जशपुरनगर।** संत पाल इंग्लिश मीडियम स्कूल, बघिमा में आज अभिभावक संपर्क दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, प्रबंधन समिति और अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शुभारंभ मिस एलिजाबेथ और मिस्टर अभय तिर्की के नेतृत्व में प्रार्थना एवं भक्ति गीत के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य फादर नीलम टोप्पो ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में समय के महत्व पर बल देते हुए कहा कि समय एक बार गया तो वापस नहीं आता, इसलिए विद्यार्थियों को समय की अहमियत सिखाना आवश्यक है। फादर विपिन तिग्गा (मैनेजर) ने बच्चों के समुचित विकास में माता-पिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें जैसा गढ़ा जाए वैसा आकार लेते हैं। मनीष तिग्गा ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का वास होता है।"प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विलियम मिंज ने विद्यालय के सुचारू संचालन हेतु अभिभावकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए समय पर शुल्क भुगतान का अनुरोध किया। बैठक के समापन अवसर पर मिस अंजू एक्का ने समस्त अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में नए स्कूल बैंड की शुरुआत भी की गई। बैंड टीम द्वारा प्रस्तुत आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। इस यादगार दिवस के पलों को सर सलीब और सर प्रवीण ने कैमरे में कैद किया, और इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




